
मुख्यमंत्री से भेंट करते फिल्म निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर व निर्देशक राकेश सावंत।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री से मिले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष मनहर वालजी भाईजाला ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा, ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार व देहरादून में सफाई कर्मियों के वर्ष 2018–19 में किये गये सर्वे में 6033 की सूची तैयार की गई हैं। उन्हें राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से 40 हजार प्रति व्यक्ति की दर से अहेतुक सहायता उपलब्ध करायी जानी हैं।

### कैंपा की 250 करोड़ की कार्ययोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में प्रतीकरात्मक वनरोपण निधि प्रबन्धन और नियोजन प्राधिकरण (उत्तराखण्ड कैम्पा) संचालन समिति की तृतीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020–21 की 250 करोड़ की कार्ययोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। कैम्पा की वर्ष 2020–21 की कार्ययोजना के तहत जोनल स्तर से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के उपरान्त कार्यकारी समिति द्वारा प्रस्तुत 250 करोड़ की कार्ययोजना के प्रस्ताव का संचालन समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

### गोल्डन फॉरेस्ट पर सुनवाई 6 जनवरी को

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल ने अवगत कराया कि कलेक्टर देहरादून के आदेश के द्वारा गोल्डन फॉरेस्ट इण्डिया लि0 भूमि सम्बन्धित पंजीकृत वाद सुनवाई हेतु उनके न्यायालय में स्थानान्तरित किया गया है।

# सीएए पर जनता को किया जा रहा गुमराह

**वार्ता**

भारत के लिए देश और दुनिया का नजरिया बदल रहा हैः सीएम जयराम ठाकुर

सीएए को जानना व समझना बेहद जरूरी है

**संवाददाता**

देहरादून। हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। कहा कि भारत के लिए देश और दुनिया का नजरिया बदल रहा है। आगे भी देश को मोदी जैसे ही प्रतिनिधत्व की जरूरत है। अपने दूसरे कार्यकाल में उन्होंने काफी जटील समस्याओं का समाधान किया है। चाहे राम जन्मभूमि हो, तीन तलाक हो, धारा 370, 35 ए का मामला हो, लेकिन आज एक जरूरी बिल पर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। देश को आजादी चाहिए थी, उसके लिए सभी ने प्रयास किए। आजादी के बाद जो लोग जहां रहना चाहते थे, वहां रहने लगे। विभाजन की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की रही है। तब नेहरू और लियाकत अली के बीच समझौता हुआ।


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हिमाचल प्रदेश के सीएम जयराम ठाकुर, साथ में सीएम त्रिवेंद्र व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट।

दून में राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जयराम ठाकुर ने कहा कि एक जरूरी बिल पर देश की जनता को गुमराह किया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आजादी के 70 साल में पहली बार देश को एक मजबूत सरकार मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में तीन तलाक एवं धारा 370 बहुत से महत्वपूर्ण फैसले लिए गए है। आज सीएए और एनआरसी जैसे कदमों की देश को बहुत आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि सीएए को जानना व समझना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता से पहले देश की आजादी के लिए लोगों ने आपस में मिल कर स्वतंत्रता हेतु अपनी–अपनी लड़ाई लड़ी और फलस्वरूप देश आजाद हुआ। देश में 200 वर्षों तक अंग्रेजों ने शासन किया, उन्होंने यहां ऐसी परिस्थितियां पैदा की कि देश आपसी झगड़ों के कारण बंट जाए और उनका शासन चलता रहे। इस वजह से अंग्रेजो ने फूट डालो शासन करो की नीति अपनाई। स्वतंत्रता के पश्चात धर्म के आधार पर पाकिस्तान अलग देश बना। भारत अपनी धर्म निरपेक्ष पहचान के रूप में आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे में कांग्रेस का हाथ था। पं. नेहरू और लियाकत अली के बीच हुए समझौते से यह बात पूर्णत स्पष्ट होती है कि जिसके अनुसार अपने–अपने धर्म को अपनाने कि पूर्ण छूट मिली। हमारा देश इसमें अपनी धर्म निरपेक्ष नीति पर पूर्ण रूप से सफल रहा और आज भी इस समझोते पर चल रहा है। बीजेपी इस एक्ट का विरोध करने वालों का पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी। यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है।

पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद अजय भट्ट आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर व निर्देशक राकेश सावंत ने सीएम से की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में 'मुद्दा 370 जे एंड के ' फिल्म के निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर एवं निर्देशक राकेश सावंत ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त फिल्म को प्रदेश में कर मुक्त किये जाने के साथ ही फिल्म को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने फिल्म के निर्माता श्री भंवर सिंह पुण्डीर एवं निर्देशक राकेश सावंत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धारा 370 के हटने से कश्मीर को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब कश्मीर खुले में सांस लेने लगा है, आने वाले समय में कश्मीर पुनः धरती का स्वर्ग बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में फिल्मांकन को प्रोत्साहित करने के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास की दिशा में प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। उत्तरकाशी के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी फिल्मांकन के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उक्त फिल्म का एक विशेष शो अपने सभी मंत्री मंडलीय सहयोगियों व कार्यकताओं के लिये आयोजित किए जाने की बात कही।

### आईएमए व स्थानीय लोगों से जुड़े भूमि विवादों के निस्तारण को लेकर डीएम ने बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में मिट्ठी बेहड़ी (प्रेमनगर) में आई.एम.ए और स्थानीय लोगों से जुड़े भूमि विवादों के निस्तारण तथा कोल्हू पानी में आई एम ए को भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम, राजस्व विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।साथ ही आईएमए के साथ भूमि से सम्बन्धित विवादों को भी संयुक्त निरीक्षण करके स्थिति का स्पष्ट निर्धारण करते हुए सिंचाई विभाग को कार्य करने के निर्देश दिये तथा इस सम्बन्ध में यदि पूर्व निरीक्षण का भी विवरण उपलब्ध हो तो उसका भी अध्ययन करते हुए अग्रिम कार्य करने को कहा।

# मसूरी में हुआ साल का पहला हिमपात

**मौसम**

■ मौसम का मिजाज फिर बदला

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। अधिकांश जिलों में बादल छाए हैं। मसूरी में साल का पहला हिमपात हुआ है। बर्फ दो से तीन इंच तक जम चुकी है। वीकेंड के चलते मसूरी में काफी पर्यटक पहुंचे। काफी संख्या में पर्यटक पहले से ही मसूरी में रुके हुए हैं। मसूरी में सुबह 10.30 बजे से बर्फ की फाहे गिरनी शुरू हुई। तापमान में आई भारी गिरावट के चलते ठंड बढ़ बढ़ गई है। मुख्य बाजार की छतों पर बर्फ जमने शुरू हो गई, वहीं मसूरी में बर्फ गिरने से पर्यटक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। पर्यटकों ने बर्फ में काफी एंजॉय किया। हरियाणा से आई पर्यटक रंजना का कहना था कि उन्होंने बर्फ को कभी भी गिरते हुए नहीं देखा और मसूरी आकर उनका यह सपना पूरा हो गया, जिससे वह और उनका परिवार काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि यहां पर कंप कपाती ठंड पड़ गई है लेकिन बर्फ को लेकर इतने उत्साहित हैं कि उन्हें ठंड का भी एहसास नहीं हो रहा है। उन्होंने आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि वे यहां आकर बर्फ का इंजॉय करें। उत्तराखंड में मौसम इन दिनों अठखेलियां कर रहा है। नया साल लगने के साथ ही जहां मौसम ने करवट बदली और दो जनवरी को प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात हुआ तो मैदानों में भी झमाझम बारिश हुई। जिससे ठंड में भी बढ़ोत्तरी हो गई।


मसूरी में हिमपात का दृश्य।




### 126 उपकेन्द्रों को हैल्थ एवं वैलनेस सेन्टर के रूप में विकसित करने की धीमी गति पर जताई नाराजगी

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की एस्टाब्लिशमेन्ट एक्ट के अनुपालन करवाने तथा आगामी 10 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एनएचएम की समीक्षा के दौरान जनपद में अवस्थित 126 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों को हैल्थ वेलनेस सेन्टर के रूप में विकसित किये जाने वाले कार्यों में कार्यदायी संस्थाओं एवं स्वास्थ्य विभाग के उचित सामंजस्य न होने के चलते कार्यों की धीमी प्रगति पर संज्ञान लेते हुए इस कार्य में तेजी लाने हेतु विकासखण्ड स्तर पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये।

### कार्यकारिणी का विस्तार

देहरादून। युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि भूषण उनियाल को युवा प्रकोष्ठ का केंद्रीय उपाध्यक्ष व मेहर राणा को प्रवक्ता बनाया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।